न्यूज डायरी

जीयू में मेरिट पर दाखिले के लिए काउंसलिंग आज

गुरुग्राम। पहली मेरिट पर दाखिले के लिए गुरुग्राम विश्वविद्यालय (जिवि) में मंगलवार को काउंसलिंग होगी। जिवि ने अलग अलग कोर्स की मेरिट जारी कर दी है। इसमें बैचलर ऑफ फिजियोथैरेपी, एमकॉम, एमसी. बीएससी एनिमेशन जैसे कोर्स शामिल हैं। उधर, कई कोर्स की मेरिट पोर्टल पर चस्पा होने के बावजूद अपलोड करने में परेशान हो रही है। जिवि कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि छात्रों की दाखिला प्रक्रिया जारी है। इसमें दाखिला लेने वाले छात्र तय तिथि को फिजिकल काउंसलिंग में भागीदारी सुनिश्चित करें। छात्रों के लिए जरूरी है कि वह समयबद्ध तरीके से दाखिला सुनिश्चित करें। अंतिम तारिख का इंतजार न करें। संवाद

शिविर में 230 लोगों ने रक्तदान किया

गुरुग्राम। ब्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसाइटी की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन सोमवार को लघु सचिवालय में किया गया। जहां, 230 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर के इंसानियत की मिसाल पेश की है। रक्तदान शिविर का शुभारंभ भारतीय मजदूर संघ, जिला अध्यक्ष समय सिंह ने किया। उन्होंने ने कहा कि एक यूनिट रक्तदान कर के चार लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। रक्त महादान होता है। रक्तदान करने से कोई कमजोरी नहीं आती। बल्कि रक्त तो अपने आप बनने वाला तत्व है। किसी जरूरत मंद के लिए रक्तदान करना मानवता की सच्ची सेवा है। संगठन के पदाधिकारी हरिओम गुर्जर ने कहा कि रक्तदान करने के लिए समाज के हर व्यक्ति को आगे आना चाहिए। हेमचंद ने रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन किया। संवाद

ट्रीटमेंट प्लांट में बिजली संकट, मिल रहा कम पानी

डीएलएफ के लोगों ने कहा- 10 से 20 मिनट आ रहा पानी, करना पड़ रहा है परेशानी का सामना

संवाद न्यूज एजेंसी

गुरुग्राम। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में बिजली का कट लगने के कारण शहर में पानी की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। खास तौर डीएलएफ के इलाके में लोगों को जरूरत के मुकाबले काफी कम पानी मिल रहा है। कुछ जगहों पर लोगों की शिकायत है कि बमुश्किल 10 से 20 मिनट पानी आता है। डीएलएफ फेज -2 के अधिसंख्य हिस्सों, फेज-1 के कुछ हिस्सों और फेज -3, 4, 5 में पानी की बहुत किल्लत है।

लोगों का कहना है कि जीएमडीए की ओर से ही पानी काफी कम आ रहा है। इसलिए परेशानी बढ़ गई है। अधिकारियों से बात करने पर पता चला कि वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में पर्याप्त इंफ्रास्ट्रक्चर के अभाव में बिजली कटती है। ट्रीटमेंट प्लांट में पर्याप्त बिजली इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं है।

मिलेनियम सिटी के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के पास पावर बैकअप नहीं : डीएलएफ के आरडब्ल्यूए संयोजक ध्रुव बंसल, फेज -1 के प्रतिनिधि राज कुमार शर्मा , फेज -2 के प्रतिनिधि संदीप गुप्ता, फेज -3 के शिव गुप्ता, फेज-4, 5 के प्रतिनिधि बृज मोहन आदि का कहना है कि वाटर ट्रीटमेंट प्लांट अगर 24 घंटे चले तभी पूरा पानी मिल सकता है।

हमें पानी चंदू और बसई दोनों के प्लांट से मिलता है जबकि प्लांट के पास अपना 66 केवी बिजली सबस्टेशन नहीं है। बसई के प्लांट में सबस्टेशन बनाने में अभी एक साल का समय और लगेगा। हम इस बात से डरे हुए हैं कि अब हमें एक साल और इसी तरह का संकट झेलना होगा। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट 24 घंटे चले हमारी जीएमडीए और डीएचबीवीएन के अधिकारियों के साथ बैठक हुई थी। जब वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में बिजली का संकट था। उन्होंने आश्वाई तौर पर कुछ स्थितियां कुछ ठीक कर दी थी मगर स्थाई समाधान नहीं किया गया। ट्रीटमेंट प्लांट में बिजली संकट के कारण डीएलएफ को पूरा पानी नहीं मिलता है। अब अधिकारी बता रहे हैं कि वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए 66 केवी सबस्टेशन लगने में एक साल का वक्त लगेगा। - **ध्रुव बंसल, संयोजक, डीएलएफ आरडब्ल्यूए**

इन दिनों बिजली की ट्रिपिंग के कारण पानी की आपूर्ति में परेशानी आ रही है। इन दिनों प्लांट में 3-4 घंटे बिजली लगभग रोजाना कट रही है। एक बार अगर 2 घंटे बिजली नहीं होती तो प्लांट से 20 प्रतिशत पानी कम जाता है। चंदू के प्लांट में 100 एमएलडी के तीन मशीनें हैं, इनमें से 2 के लिए 66 केवी सबस्टेशन है। बसई के प्लांट में इन दिनों रखरखाव का कार्य चल रहा है। इसके पुराने कंडक्टर बदले जा रहे है। इसलिए बिजली काटी जाती है। रखरखाव और मरम्मत का काम अभी करीब एक हफ्ते चलेगा। - **अभिनव वर्मा, कार्यकारी अभियंता, जीएमडीए**

इसके लिए इनके पास पावर बैक अप नहीं है। एक आम आदमी अपने घर में बिजली कटने पर बैकअप के लिए इन्वर्टर या जेनसेट रखता है। जबकि 25 लाख की आबादी को पानी उपलब्ध कराने वाले सिस्टम के पास कोई पावर बैकअप नहीं है।

आंधी और बारिश में बिजली इंफ्रास्ट्रक्चर में समस्या आना स्वाभाविक है, ऐसे में शहर की जलापूर्ति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए जीएमडीए के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में पावर बैकअप की कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है।

दूसरी ओर अधिकारियों का कहना कि पिछले दिनों बारिश, आंधी आदि के कारण भी मुश्किल आई। दोनों प्लांट में बिजली का पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं है और ऐसे में अगर कोई फॉल्ट आ जाता है तो पानी को साफ करने और आपूर्ति की प्रक्रिया रुक जाती है।

बारिश में फॉल्ट और अपर्याप्त बिजली इंफ्रास्ट्रक्चर है वजह : गुरुग्राम को पानी की आपूर्ति के लिए बसई और चंदू बुढ़ेरा के दो वाटर ट्रीटमेंट प्लांट हैं। इनमें चंदू बुढ़ेरा में 100 एमएलडी (मिलियन गैलन प्रतिदिन) क्षमता के 3 प्लांट हैं। जीएमडीए के विद्युत विभाग के अधिकारियों के मुताबिक यहां दो प्लांट के लिए 66 केवी सबस्टेशन हैं मगर 100 एमएलडी के एक प्लांट का सबस्टेशन नहीं है। वह किसी अन्य 11 केवी के ट्रांसफार्मर से चल रहा है।

यहां एचएसवीपी का एक 66 केवी सबस्टेशन बना है मगर जीएमडीए के पास इसके प्रयोग की अनुमति नहीं है। इसे चार्ज कर शुरू किया जाना है, इसमें विभागीय कार्रवाई होनी है और और फिर धीरे-धीरे चार्ज करने के बाद प्रयोग में लाया जा सकेगा। दूसरी ओर बसई से 240-70 एमएलडी पानी की आपूर्ति होती है। इस प्लांट के पास अपना 66 केवी सबस्टेशन नहीं है। यहां से बिजली संबंधित गड़बड़ियों के कारण पानी की आपूर्ति प्रभावित होती है। अधिकारियों ने बताया कि यहां के लिए सबस्टेशन का प्रस्ताव पास तो हो गया है मगर उसके बनने में करीब 15 महीने का वक्त लगेगा।

बिजली कटौती से मैपस्को सोसाइटी के लोग परेशान

गुरुग्राम। सेक्टर-79 स्थित मैपस्को मार्टलिवि सोसाइटी के लोग रोजाना 4-5 घंटे औसतन बिजली कटौती से जूझ रहे हैं। यहां 11 केवी की लाइन बड़गुजर गांव से आई है। रोजाना बिजली कटौती से त्रस्त लोगों ने बिजली निगम से समस्या के समाधान की गुहार लगाई है। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि दूर से कम क्षमता की लाइन आना एक वजह है मगर बिजली निगम चाहे तो व्यवस्था सुधर सकती है। जब कभी भी रात में बिजली कटती है तो इसे ठीक करने कर्मी नहीं आते। अगर रात 8 बजे भी बिजली चई तो पूरी रात फीर बिजली के गुजारनी होती है। कई बार हमारी सोसाइटी के लोग पूरी रात बगैर बिजली के रहे हैं। रविवार को करीब 12 घंटे बिजली की कटौती से हमें जूझना पड़ा है। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष कहते हैं कि हमने अपने कोषाध्यक्ष से डीजल के खर्च का डाटा निकलवाया है। एक महीने में 18 लाख रुपये का डीजल हम औसतन जला रहे हैं। किसी किसी दिन अगर 10- 11 घंटे बिजली जाती है तो एक लाख रुपये का डीजल एक दिन में खर्च हो जाता है। इस हाई राइज सोसाइटी में 750 परिवार रहते हैं। लोगों ने बताया कि महीने में रह रोज औसतन 4-5 घंटे की कटौती में जेनसेट के डीजल पर करीब 18 लाख रुपये खर्च आ रहा है। संवाद

मोटर खराब होने के कारण आरडी सिटी में जल संकट

गुरुग्राम। सेक्टर-52 स्थित आरडी सिटी के लोगों को सोमवार को जल संकट का सामना करना पड़ा। रविवार रात यहां जलापूर्ति के लिए लगी मोटर खराब होने से यह थिति हुई।

आरडी सिटी में करीब 12, 000 लोग रहते हैं। आरडब्ल्यू अध्यक्ष प्रवीण यादव ने बताया कि जलापूर्ति अधिकारियों का रवैया इन समस्याओं को लेकर बहुत ढुलमुल है। पानी की मोटर पिछले दिनों भी खराब हुई थी। यहां मोटर की कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है। स्थानीय निवासी चैताली म्होरा ने बताया कि कल रात मोटर खराब हुई, नगर निगम को सूचित किया गया। आज दोपहर में कर्मी आकर बता रहे हैं कि केबल जल गई है। एक जगह आपूर्ति खराब होने से पूरी आरडी सिटी की जलापूर्ति व्यवस्था चरमरा जाती है क्योंकि पानी की लाइनें एक दूसरे से जुड़ी हुई हैं।

पानी जैसी आवश्यक सेवाओं में कमियों का इतना लचर रवैया नहीं होना चाहिए। रात से प्रभावित हुई पानी की आपूर्ति शाम तक भी सुधारू नहीं हो पाई थी। यहां लोगों के घरों में अंडर ग्राउंड टैंक नहीं बने हैं। लोग पूरी तरह निगम की जलापूर्ति पर निर्भर हैं। संवाद

OXFORD COLLEGE OF EDUCATION
(Approved by NCTE, Govt. of India, Affiliated to M.D. University, Rohtak)
Khera-Khurampur, Gurugram(Hr.)-122506

Applications are invited for the following posts on Regular Basis under Self-Finance Scheme

Teaching Staff B.Ed.

Principal-01
Asst. Prof. in Perspective in Education-04, Asst. Prof. in Pedagogy Subjects: Hindi-01, English-01, Sanskrit-01, Urdu-01, Mathematics-01, Home Science-01, Biological Science-01, Economics-01, Physical Science-01, Social Science-01, Commerce-01, Computer Science-01, Health and Physical Education-01, Fine Arts-01, Performing Arts (Music/ Dance/ Theatre)-01

Teaching Staff M.Ed.

Professor-02, Associate Prof.-02, Assistant Prof.-08

Non-Teaching Staff

Librarian-01, Laboratory Assistant-01, Office Assistant cum Accountant-01, Technical Assistant-02, Laboratory Attendant-01, Administrative Officer-01, Library Attendant-01, Clerk cum Typist-01, Store Keeper-01, Peon-01

Qualifications, Pay Scale and Experience as per norms of UGC/NCTE/State Govt./MDU, Rohtak. Application form is available on website of college www.oxfordg.com. Interested candidates may download or obtain it from the college on any working day and apply along with visible copy of all testimonial and experience certificate etc. within 21 days from the date of this advertisement i.e. till 06/08/2023 to the President of the college through Regd. Post/ By hand and one copy be sent to The Dean, College Development Council, MD University, Rohtak.

President

Mob: 8222001925
9968051890

Email: oxfordcollege3047@gmail.com
Website: oxfordg.com

सावन के दूसरे सोमवार को शिवालयों में उमड़े शिव भक्त

प्राचीन शिव मंदिर इच्छापुरी में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। संवाद

पटौदी। सावन के दूसरे सोमवार को पटौदी के प्राचीन शिव मंदिर इच्छापुरी सहित क्षेत्र के मंदिरों व शिवालयों में शिवभक्तों द्वारा शिवलिंग पर गंगाजल, दूध, दही, बेलपत्र, नारापाती, केले आदि चढ़ाकर पूजा-अर्चना की गई।

प्राचीन शिव मंदिर इच्छापुरी की मान्यता के चलते यहां दूर- दूर से श्रद्धालु पूजा करने के लिए पहुंच रहे है। इस मौके पर मन्दिर परिसर में शिवभक्तों द्वारा भंडारे का भी आयोजन किया गया। संवाद

आज होंगी कुश्ती, वॉलीबॉल व शूटिंग की प्रतियोगिताएं : गुरुग्राम। खेलो गुरुग्राम कार्यक्रम के तहत गुरुग्राम खंड की रस्साकशी, एथलेटिक्स, कुश्ती व वॉलीबॉल, शूटिंग की प्रतियोगिताएं मंगलवार को सुबह खत्म बजे से सेक्टर-38 स्थित राव देवीलाल स्टेडियम में आयोजित की जाएंगी। वहीं सेंटल खंड की क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को सेंटल के राव देवीलाल स्टेडियम में 7 खत्म बजे से 4 बजे तक किया जाएगा। संवाद

सेक्टर-4 में होगी सीवरेज सिस्टम की सफाई

गुरुग्राम। नगर निगम के जोन-1 क्षेत्र के संयुक्त आयुक्त अखिलेश कुमार यादव ने सोमवार को आरडब्ल्यूए और ग्रीवेंस कमेटी के सदस्यों के साथ अपने कार्यालय में बैठक की। बैठक में सेक्टर-4 में सीवरेज सफाई के बारे में मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों और ग्रीवेंस कमेटी के सदस्यों ने संयुक्त आयुक्त को बताया कि सेक्टर-4 में सीवरेज की पर्याप्त सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि सीवर ओवरफ्लो की समस्या से निजात मिले। उन्होंने कहा कि विशेषकर बरसात होने पर सेक्टर में पानी भर जाता है। उन्होंने जलनिकासी के पुख्ता प्रबंध करने बारे भी बैठक में अपनी बात रखी।

संयुक्त आयुक्त ने सभी प्रतिनिधियों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि सीवरेज व ड्रेनेज सफाई का कार्य तीव्र गति से करवाया जाएगा। उन्होंने मौके पर ही उपस्थित कार्यकारी अभियंता गोपाल को निर्देश दिए कि वे तेज गति से सीवरेज सफाई का कार्य करवाएं। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि सीवरेज सफाई से संबंधित कार्य की अदायगी आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों तथा ग्रीवेंस कमेटी के सदस्यों से संतुष्टिपूर्ण रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही की जाएगी। संवाद

तीन बहनों को मिलेगा नेशनल मार्शल आर्ट्स राइजिंग स्टार अवॉर्ड

संवाद न्यूज एजेंसी

गुरुग्राम। जिले के गांव वजीराबाद निवासी ताइक्वांडो में विश्व रिकॉर्डधारी तीन सगी बहनों को नेशनल मार्शल आर्ट्स राइजिंग स्टार अवॉर्ड-2023 से नवाजा जाएगा।

21 जुलाई को नई दिल्ली के त्यागराज स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में देशभर के मार्शल आर्ट्स की विभिन्न शैलियों के धुरंधरों को सीएमए स्पोर्ट्स फाउंडेशन और यूनाइटेड मार्शल आर्ट्स फैडरेशन द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

प्रिया यादव, गीता यादव व रितु यादव ने राष्ट्रीय स्तर व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर गुरुग्राम का नाम रोशन किया है। सम्मान समारोह में दक्षिण भारत फिल्मों के अभिनेता सुमन तलवार मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे और खिलाड़ियों को अवॉर्ड प्रदान करेंगे। बता दें कि तीनों सगी बहनों ने ऑस्ट्रेलिया में खेली गई अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में दो-दो स्वर्ण पदक व एक-एक रजत पदक जीतकर गुरुग्राम, हरियाणा व देश का परचम लहराया।

21 जुलाई को दिल्ली के त्यागराज स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में होगा सम्मान समारोह

DHIRSONS
JEWELLERS PVT LTD
— DHIRAJ DHIR GROUP —
Today's Hallmark 92% Gold Rate
₹55300/- Per 10gm
.916 certified by B.I.S.
MAKING CHARGES ONLY 8% ON ALL ITEMS
LAJPAT NAGAR-II: D-32, Central Market
New Delhi - 110024. Ph: 47284728

PUBLIC NOTICE

Estate Officer-II
Urban area: Gurgaon.

Transfer of ownership in respect of constructed Property no. 387 Sector-21 Urban Estate Gurugram Consequent upon the intestate death of Co-allottee Sh. K.C. Sharma.

Sh. K.C. Sharma who was the Co-allottee of the subject cited property as per record has died on 04.01.2022 and has no registered or un-registered Will, leaving behind following legal heirs: 1. Nicole Veronica Sharma (Daughter) 2. Gregory David Sharma (Son).

Ms. Nicole Veronica Sharma and Gregory David Sharma residents of 67-120 Dartmouth Street, Forest Hills New York NY11375 USA intend to apply for the transfer of the share of their property in their favour along with the existing Co-allottees on the basis of Court Decree Dated 15.2.2023 in CS/19140 of 2014 in Kishan Chand Sharma Vs Nisha Sharma & Ors.

If any person is having any objection against the transfer of this house he can submit objections in writing to Estate Office, HUDA Sector-14, Gurugram along with supporting documents within 30 days from the date of publication of this notice, otherwise the Estate Officer may accord permission to transfer/ re-allotment of the said property as per HUDA policy and may not entertain subsequent claim, if any.

Name: 1. Nicole Veronica Sharma
2. Gregory David Sharma
Date:- 18-07-2023

Sd/-
S.K. Virmani (Advocate)
Enrol No.:- D/232/1979
1213 Galleria Towers DLF City IV Gurgaon

कब्ज? गैस, पेट का भारीपन दूर करें।
डॉक्टरों की कैस्टोफीन टैबलेट्स व चूर्ण
गुलाब की मसाला टैबलेट व चूर्ण
CASTOPHENE GIVES RELIEF IN CONSTIPATION
For Stockistship apply 8601841515

Lowest Gold Rate in all over Delhi
₹54200 Per 10gm
Today's B.I.S. Hallmark 91.6/22CT Gold Rate
8% Making on all items
Gold Testing Machine Available
KAPIL JEWELLERS SINCE 2010.
F-24/35-36, Sec-7 Rohini
9999889969, 01127042254

जालिम लोशन + ग्रीन ऑइंटमेंट एंटीसेप्टिक ऑइंटमेंट नीम के गुणों से भरपूर
की जोड़ी दिलाए
दाद, खाज़, खुजली, एग्ज़िमा में तुरंत आराम
BUY ONLINE: www.zalimlotion.in | amazon | meesho | Flipkart | TATA 1mg